## सार-समाचार

### ठाकुर जी का निकला डोला

**बयाना/भरतपुर**, (निसं)। जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर बयाना नगर में धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री ठाकुर जी का डोला (पालकी यात्रा) भव्य शोभायात्रा के रूप में नगर भ्रमण के लिए निकाला गया। इस अवसर पर ठाकुर जी को फूलों से सुसज्जित सुंदर पालकी में विराजमान किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। यात्रा की ऊषा शुरुआत मंदिर परिसर से हुई, जहां विशेष पूजा-अर्चना के बाद ठाकुर जी की पालकी को भक्तों ने कंधों पर उठाया। डोला यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई विभिन्न मंदिरों और मोहल्लों से गुजरी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर ठाकुर जी का स्वागत किया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। भक्तजन पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और कई महिलाएं सिर पर कलश लिए यात्रा में सम्मिलित हुईं। बच्चों और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग को रंग-बिरंगी बंदनों, तोरण द्वारों और रोशनी से सजाया गया था। जलझूलनी एकादशी, जिसे डोल ग्यारस भी कहा जाता है, श्रीकृष्ण के जलविहार और झूला उत्सव का प्रतीक है। इस दिन भगवान विष्णु के डोल (पालकी) को जल में झुलाने की परंपरा है, जिससे वर्षा ऋतु के समापन और शरद ऋतु की शुरुआत मानी जाती है। इस पावन दिन पर बयाना में हुए आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत कर दिया।

### खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सूरौठ**, (निसं)। विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ के संयोजन में बुधवार से 69वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विवेकानंद स्कूल समिति के निदेशक सतीश जिंदल ने ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता पर्यवेक्षक रहीमुद्दीन खान ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन अवसर पर खेले गए हॉकी मुकाबले में विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ की टीम ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ को 1-0 से पराजित कर प्रतियोगिता में विजयी आगाज किया। वहीं बास्केटबॉल मैच में भी खिलाड़ियों ने जीत के लिए जमकर पसीना बहाया। इस दौरान प्रतियोगिता मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा तथा विद्यालय प्रधानाचार्य अवधेश शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर है। खेल संचालन समिति के योगेंद्र सिंह शारीरिक व ओमप्रकाश डागर जानकारी देते हुए बताया कि तभी मैच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित होंगे। प्रतिदिन दो पारियों में आयोजित मैचों में निर्णायक की भूमिका गोविंद सिंह मीणा, प्रशांत समाधिया, राजीव मीना, रज्जो धोबी, नरेश मीणा, राजेश मीणा, शमशाद शेख, ममता बेनीवाल, मोनिका यादव, रेखा, लक्ष्मी, रीता चितौसिया, कमलेश, भूपाल सिंह, मुकेश मीणा एवं पूनम रानी ने किया।

### योगी को मिला टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, हिण्डौन के व्याख्याता (रसायन शास्त्र)सुरेश चन्द योगी को टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड 2025से नवाजा गया है। यह सम्मानफोर्थ स्क्रीन एजुकेशनद्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। इस पुरस्कार का उद्देश्य ऐसे शिक्षकों को पहचान दिलाना है, जो नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धितयों और समर्पण से विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में विशेष योगदान दे रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने पर सुरेश चन्द योगी ने कहा कियह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है। यह मुझे शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा। इस उपलब्धि को मैं अपने विद्यार्थियों, अभिभावकों और सहकर्मियों को समर्पित करता हूँ।

### 'खेल को खेल की भावना से लें'

**रूपवास**, (निसं)। कस्बे के जहांन नगर रोड़ स्थित प्रभाकर पार्क में 14 वर्ष तक की आयु के छात्र एवं छात्राओं की 69 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा के पूर्व प्रदेशमंत्री भानुप्रताप सिंह राजावत के मुख्यातिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लखनपाल सिंह ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद योगेश प्रभाकर,ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष राजेश पाराशर,रविन्द्र बंसल विधायक प्रतिनिधि,चंद्रमोहन शर्मा,घनश्याम परमार,मंजीत खान,हरीश चतुर्वेदी,नवीन दुबे,नीतेंद्र आदि मौजूद थे। 69 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजक राकेश भातरा,जितेंद्र पाराशर,देवेंद्र चाहर ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन छात्र एवं छात्राओं की तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन प्रभाकर पार्क के तरणताल में किया गया। खेल प्रभारी हरिओम सिंह बघेल एवं मीडिया प्रभारी इंद्रजीत शर्मा,लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन तैराकी प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल छात्र वर्ग में शिवम सिंघावली प्रथम स्थान पर रहे। वहीं फ्री स्टाइल महिला वर्ग में वीरा मॉर्डन पब्लिक स्कूल की छात्रा विजेता रही। वहीं ब्रेस्ट स्ट्रोक 50 मीटर के मनीष बुराना विजेता रहे। बैक स्ट्रोक 50 मीटर में विजय कुमार सिंघावली विजेता रहे। साथ ही बटर फ्लाई 50 मीटर में कान्हा कारई विजेता घोषित किए गए। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका धर्मेंद्र सिंह यादव,प्रेमीलाल मीणा,जगराम मीणा,ललता शर्मा,विजय सिंह ने निभाई। इससे पहले प्रतियोगिता के आयोजकों के द्वारा सभी अतिथियों का साफा बांधकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह राजावत ने कहा कि प्रत्येक वर्ग के बच्चों के लिए खेलों का आयोजन नितांत आवश्यक है। इन खेलों के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे खेल को खेल की भावना से लें क्योंकि खेल में हार जीत तो होती रहती है। इसको कभी भी दिल पर नही लेना चाहिए।

### आरोपी को आजीवन कारावास

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर के चर्चित अजय झामरी हत्याकांड में आज एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 50 हजार का अर्थदंड लगाया है। आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ गोली मारकर अजय की हत्या की थी। अजय का भाई जब उसे बचने के लिए गया तो, उन्होंने प्रिंस पर भी फायरिंग की थी।कई दिनों से अजय को मिल रही थी धमकियांलोक अभियोजक नरेश सैन ने बताया कि प्रिंस निवासी झामरी गांव ने अटलबंद थाने में 27 अगस्त 2023 की शाम करीब 5 बजे मामला दर्ज करवाते हुए बताया था कि मेरा अजय मेरे भाई का दोस्त गौरव निवासी झामरी हीरादास स्थित एक थड़ी पर चाय पी रहे थे। अजय को कई दिनों से तेजवीर, कौशल हंतरा, सचिन मडरपुर, हेमू बिनउआ जान से मारने की धमकियां दे रहे थे। कुछ दिनों पहले भी अजय पर इन्हीं ने जानलेवा हमला भी किया था। जिसकी थ्प्त् मथुरा गेट थाने में दर्ज करवाई गई थी। 27 अगस्त को उस केस की तारीख थी। प्रिंस और उसका भाई अजय भरतपुर आये हुए थे।अजय के भाई को भी मारने की कोशिश की थी। उसी रंजिश के चलते एक नाबालिग युवक, तेजवीर सहित और अन्य युवक चाय की थड़ी पर आये। उनके हाथों में हथियार थे। आते ही वह हम सभी को गालियां देने लगे। वह सभी अजय को मारने के लिए आगे बढ़े। प्रिंस ने जब अपने भाई को बचाने की कोशिश की तो, बदमाशों ने प्रिंस को धक्का देकर गिरा दिया। जिसके बाद नाबालिग युवक ने अजय के ऊपर फायर कर दिया। प्रिंस ने जब अजय को बचाने की कोशिश की तो, बदमाशों ने प्रिंस के ऊपर भी फायर कर दिया।आरोपी को आजीवन कारावास और 50 का अर्थदंडबड़ी मुश्किल से प्रिंस ने अपनी जान बचाई। फायरिंग करने वाले तीनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। इस मामले का कोर्ट में चालान पेश किया गया। केस में 24 गवाह और 50 दस्तावेज पेश किए गए। नाबालिग को दोषी मानते हुए जिला एवं सेशन न्यायाधीश केशव कौशिक ने आजीवन कारावास और 50 हजार का अर्थदंड लगाया।

### सांप के काटने से किसान की मौत

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। गांव सलेमपुर मालियों की ढाणी में किसान रामखिलाडी माली (60) की सांप के डसने से मौत हो गई। रामखिलाडी खेत में घास काट रहे थे, तभी एक विषैले सांप ने उन्हें डस लिया। मृतक के पुत्र लखन सैनी के अनुसार घटना के बाद रामखिलाडी घर लौटे और परिजनों को जानकारी दी। परिवार वाले तुरंत उन्हें जिला अस्पताल गंगापुर सिटी ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना सदर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामे की कार्रवाई की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना से सलेमपुर गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक छा गया। ग्रामीणों ने परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं बढ जाती हैं।

# खिलाड़ी जीत के जुनून के साथ मैदान पर उतरें : इंद्रेश तिवारा

■ 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ, 56 टीमें व 623 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

**सूरौठ**, (निसं)। कस्बे के इंदिरा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग प्रथम समूह की खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल अधिकारी, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेलों में हार और जीत से बढ़कर आदर्श खेल भावना और ईमानदार प्रदर्शन महत्वपूर्ण है। सभी खिलाड़ी अनुशासन, निष्ठा और जुनून के साथ मैदान पर उतरें तथा जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने उपस्थित शारीरिक शिक्षा शिक्षकों से भी प्रतियोगिता को निष्पक्ष और निर्विवाद रूप से संपन्न कराने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत ने की। वहीं विद्यालय समिति के निदेशक हृदेश मोहन शर्मा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में खेल के प्रति उत्साह और अनुशासन की भावना का विकास करते हैं।इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी, इंदिरा गांधी समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार समाधिया , प्रतियोगिता पर्यवेक्षक सोहन सिंह मीणा , प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान , एम डी भावना, समाजसेवी पुरुषोत्तम बंसीवाल महादेवा जांगिड़ सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में हॉकी की 7 टीमें, फुटबॉल की 20 टीमें, हैंडबॉल की 12 टीमें और बास्केटबॉल की 17 टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रकार कुल 56 टीमों के 623 खिलाड़ी जिलेभर से इस महोत्सव का हिस्सा बन रहे हैं।

प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र वर्ग के मैच खेले जाएंगे। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और उन्हें राज्य स्तरीय मंच पर ले जाने का सशक्त माध्यम बनेगी।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य उत्तम चौधरी, योगेंद्र मिश्रा, बनवारी लाल शर्मा, जहीर खान, हरकेश मीणा, मुकुट गुर्जर, महेश तिवारी ,वीरेंद्र सिंह एवं लोकेश मीणा, आदि ने अतिथियों का माला एवं साफा पहनकर स्वागत किया।

उद्घाटन सत्र के बाद आयोजित फुटबॉल (19 वर्ष आयु वर्ग) के पहले मुकाबले में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरेटा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खीप का पुरा को 1-0 से पराजित कर विजयी आगाज किया। निर्णायक की भूमिका शारीरिक शिक्षा शिक्षक युधिष्ठिर भाकर ,गब्बर सिंह एवं ललित बोहरा ने निभाई। इसके अलावा आयोजित अन्य मैचों का संचालन भी विभाग द्वारा नियुक्त सुनील यादव, भादू , रोहित गुप्ता, वीरेंद्र सिंह राजाबत , देवेंद्र शर्मा, विनोद मीणा, नीरज मीना, निर्णायकों की देखरेख में संपन्न हुआ। खेल मैदान में खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भागीदारी निभाई। प्रतियोगिता स्थल पर उत्साह का माहौल रहा और दर्शकों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आगामी दिनों में हॉकी, बास्केटबॉल और हैंडबॉल के रोमांचक मुकाबले खेल मैदान पर देखने को मिलेंगे।

# ग्राम पंचायत स्तरीय अटल जन सेवा शिविर सम्पन्न

**करौली**, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। पंचायत समिति मासलपुर कि ग्राम पंचायत लैदोर कलां के भारत निर्माण केन्द्र पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना के निर्देशन में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में मुख्यकार्यकारी अधिकारी ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले।

उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके।मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ। अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि इस जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की आगामी जनसुनवाई में पुनरावृति न हो। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटवाने, विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखने, सीमांकन करवाने, रास्तो की साफ-सफाई करवाने सहित 16 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें राजस्व, पंचायती राज, सानिवि, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों सहित अन्य विभागों के विभिन्न प्रकरण शामिल हैं। इस अवसर पर विकास अधिकारी मोहनलाल शर्मा सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवादी उपस्थित रहे।

## अग्रवाल युवा संगठन ने बांटे जूट के थैले

**गंगापुर सिटी**, (कासं)। अग्रवाल युवा संगठन गंगापुर सिटी और नगरपरिषद सभापति शिवरतन गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से निशुल्क थैला वितरण कार्यक्रम कुशलागढ लेक स्थित वाचनालय पर किया गया। मुख्य अतिथि शिवरतन अग्रवाल ने जुट से बने हुए बैग का वितरण पर उपस्थित भक्तजनो को किया एवं लोगो को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और जूट या कपडे के थैलों को उपयोग करने का अनुरोध किया। सभापति शिवरतन ने बताया कि पॉलीथिन मुक्त की ओर शहर को बढाने के लिए गंगापुर सिटी के सामाजिक संगठन और सभापति द्वारा मिलकर स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में कार्य किया जा रहे हैं। पॉलिथीन मुक्त भारत अभियान और भी प्रभावी बनाने के लिए सभी नागरिकों से अपील की वे कपडे एवं जूट के थैलों का उपयोग करें।

## सीएचसी केन्द्र परिसर में भवन धराशायी

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। जगदीश धाम कैमरी गांव के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र परिसर में बना सामुदायिक भवन गुरूवार प्रात: घटिया निर्माण के चलते बरसात से धराशायी हो गया। घटना के वक्त उक्त भवन के आसपास कोई नहीं था नहीं तो बढा हादसा घटित हो जाता। यह सामुदायिक भवन चिकित्सालय के मुख्य दरवाजे के लगता हुआ बना है। वह तो यह हादसा प्रात: पौन छ: बजे के आसपास हुआ। अगर चिकित्सालय के समय भवन गिर जाता तो कोई बडी जन हानि भी हो सकती थी। चिकित्सकर्मियों ने बताया कि उक्त सामुदायिक भवन का अब से करीब डेढ दशक पूर्व निर्माण किया गया था। भवन के आसपास पानी भर जाने व क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात का पानी भवन की छत में होकर दीवार आदि में प्रवेश कर गया।जिसकी वजह से भवन गिर कर धराशायी हो गया। ठाामीणों ने घटिया भवन निर्माण का अरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से जांच करवाने की मांग करते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की। उधर सीएचसी के प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र हरसाना ने बताया कि उक्त भवन में चिकित्सालय का नाकारा सामान रखा हुआ था।

# जयपुर-आगरा नेशनल हाइवे पर सर्विस रोड बने पशुवाड़ा

■ अतिक्रमण व आवारा मवेशियों से बढ़ रहे हादसे

**हलैना/भरतपुर**, (निसं)। एनएचएआई, प्रशासन एवं टोल वसूल कम्पनी की अनदेखी के कारण जयपुर-आगरा नेशनल हाइवे पर गांव छौंकरवाडा कलां, बाछरैन, हन्तरा पर राहगीर व गांव के लोगों की सुविधा को बने सर्विस रोड पशुवाडा बन चुके है, जहां दंबग लोगों के पालतू मवेशियां बन्धे, गोबर के उपले थपे, चारा-ईन्धन रखा तथा फोरलेन पर आवारा जानवर घूमते व विश्राम करते नजर है। ऐसी हालत से आए दिन सडक हादसे होते हैं।

ग्रामीणों के द्वारा कई बार एनएचएआई, टोल वसूल कम्पनी और प्रशासन को शिकायत की गई और अवगत भी कराया गया, लेकिन कोई भी सुनवाई नही हुई। कार्यवाही नही होने पर नेशनल हाइवे सम्पति फोरलेन, सर्विस रोड,बस स्टॉप आदि अतिक्रमण और मवेशियां बान्धने वाले व्यक्तियों के हौसले बुलन्द है, वही दूसरी ओर वाहन चालक-मालिक,राहगीर सहित गांव के लोग चिन्तित है। गांव छौंकरवाडा कलां निवासी रामपाल सिंह एवं ज्ञान सिंह बताते है कि भारत सरकार ने वर्ष 2006-07 में आगरा से जयपुर मध्य किमी 20 से किमी 240 तक नेशनल हाइवे-11 अधिकृत करते हुए वर्ष 2009 में टोल वसूली प्राप्त की,जिसकी देखरेख व रखरखाव की जिम्मेदारी एनएचएआई व टोल वसूल कम्पनी को सौंपी गई। वाहन चालक-मालिक एवं फोरलेन किनारे की आवादी के ग्रामीण व राहगीरों की सुविधा तथा सडक हादसे की रोकथाम को गांव छौंकरवाडा कलां,बाछरैन,हन्तरा आदि स्थान पर सर्विस रोड तथा हलैना पर ट्रक ले वाई रोड बने। जो दंबग लोगों के अतिक्रमण पर है,जहां मवेशियां बन्धी रहती है और ईंधन व चारा रखा रहता है साथ गोबर के उपले थपते है। इसके अलावा फोरलेन पर आवारा जानवरों का जमघट लगा रहता है।,जिससे आए दिन हादसे होते है। वर्ष 2009 से आज तक कमालपुरा से सेवर के मध्य 300 से अधिक लोगों की जान चली गई तथा भारी सख्यां में लोग घायल होकर अपंग हो गए। उन्होने बताया कि सेवर से कमालपुरा के मध्य के कस्वा व गांवों के लोगों सहित राहगीरों ने प्रशासन,एनएचएआई एवं टोल वसूल कम्पनी के अधिकारियों को कई बार शिकायत करते हुए सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने,मवेशियां व आवारा जानवरों की रोकथाम की मांग की,लेकिन उक्त शिकायतों का समाधान नही हुआ।

जयपुर नेशनल हाइवे सेवर से महवा के मध्य किमी 63 से किमी 120 तक फोरलेन की जिम्मेदारी जिला कलक्टर भरतपुर व दौसा,उपखण्ड अधिकारी कार्यालय भुसावर, वैर, महवा, भरतपुर शहर, नदबई के एसडीएम तथा इन उपखण्ड के समस्त तहसीलदार एवं हलैना व लखनपुर उप तहसीलदारों सहित समस्त पुलिस थाना की है,जो अतिक्रमण और हादसे की रोकथाम करने में एनएचएआई और टोल वसूल कम्पनी का समय-समय पर सहयोग करते है।

# अग्रसेन जयन्ती महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

■ कार्यक्रमों के संयोजक व सहसंयोजकों का किया चयन

गंगापुर सिटी 4 सितम्बर। अग्रवाल समाज सेवा समिति उदेई मोड के अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 की तैयारियों पर चर्चा के लिए समिति की सभी इकाईयो की बैठक अग्रसेन सेवा सदन पर समाज अध्यक्ष दुर्लभ गोयल ठेकेदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अग्रसेन जयन्ती महोत्सव 2025 में आयोजित होने वाले कार्यक्रमो पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रचार मंत्री पवन बंसल एडवोकेट एवं महामंत्री दिनेश चंद गुप्ता मेडी ने बताया मीटिंग में अग्रसेन जयंती महोत्सव को ले कर सभी संगठनों से चर्चा की गयी।

बैठक में अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्षा शकुन्तला गुप्ता ने बताया कि महिला मंडल द्वारा 16 सितम्बर को मेहंदी प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग की आयोजित की जाएगी जिसमे सीनियर वर्ग की संयोजिका सरोज गुप्ता मेडी एवं जूनियर वर्ग की सयोजिका अनीता गुप्ता किशोरपुरा को बनाया गया है एवं उसी दिन दोपहर 3 बजे से चम्मच दौड प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग की आयोजित की जाएगी जिसमे सीनियर वर्ग की सयोजिका गीता सिंघल एवं जूनियर वर्ग की सयोजिका अनूप जी को बनाया गया है। 17 सितम्बर को दोपहर 1 बजे से कुर्सी दौड प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी जिसकी सयोजिका सीमा गुप्ता मेडी एवं दोपहर 3 बजे माला म्यूजिकल गेम आयोजित किया जायेगा जिसकी सयोजिका सीमा गुप्ता तिमावा को बनाया गया। ये सभी कार्यक्रम अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड पर आयोजित किये जायेगे।

18 सितम्बर को दोपहर एक बजे से से महिला संगीत का कार्यक्रम रखा गया है जिसकी सयोजिका रजनी सिंघल को बनाया गया ये कार्यक्रम भगवती पैलेस गणेश मिल में आयोजित किया जायेगा। युवा अग्रवाल सेवा समिति अध्यक्ष ललित गुप्ता ने बताया कि युवा मंडल द्वारा 14.०9.2०25 को सुबह 6.०० बजे से नई अनाज मंडी में मोटरसाइकिल दौड धीमी एवं साइकिल दोड धीमी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी जिसका संयोजक सुरेन्द्र कुमार गुप्ता को बनाया गया। 18 सितम्बर को सुबह 8.3० बजे से कुर्सी दौड प्रतियोगिता संयोजक कृष्णकान्त गुप्ता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता संयोजक अंशु गुप्ता के सयोजन में अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड पर आयोजित की जायेगी। वही शाम 5 बजे से कपल प्रतियोगिता भगवती पैलेस गणेश मिल सुनील गुप्ता बैरोज वाले के संयोजन में आयोजित की जायेगी।

युवा अग्रवाल सेवा समिति उदेई मोड के संयोजन में 21 सितम्बर को अग्र चेतना रैली सुबह 5.3० बजे से खाटूश्याम की मंदिर से शुरू हो कर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुन: खाटूश्याम जी मंदिर पर आकर समाप्त होगी। श्री अग्रसेन कर्मचारी विकास समिति उदेई मोड अध्यक्ष डॉ. रिद्धि चंद गुप्ता ने बताया कि 2०सितम्बर को अग्रसेन सेवा सदन पर सामान्य ज्ञान प्रश्न पंच प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग की नरेन्द्र गुप्ता के संयोजन में आयोजित की जायेगी एवं 21.०9.2०25 को अग्रवाल वृद्ध जिनकी आयु 6० वर्ष से अधिक है उनके लिए अग्रजन वरिष्ठ नागरिक रोडवेज स्मार्ट कार्ड शिविर सुबह 9.०० बजे से अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड पर सुरेश चंद गुप्ता के संयोजन में लगाया जायेगा। अग्रवाल समाज समिति उदेई मोड द्वारा 22सितम्बर को प्रभात फेरी सुबह 5 बजे से उदेई मोड से विष्णु चंद गुप्ता कोटे वाले के संयोजन में निकाली जायेगी। अग्रसेन सेवा संस्थान उदेई मोड पर ध्वजारोहण कार्यक्रम सुबह 9 बजे रखा गया है जिसके संयोजक सुरेश चंद गुप्ता को बनाया गया। दोपहर 3 बजे से विशाल शोभा यात्रा हनुमान जी मंदिर नई अनाज मंडी से निकाली जायेगी जिसके लिए सेवाधिकारी की बोली दोपहर 2.०० बजे से शुरू होगी इसमें शोभा यात्रा संयोजक रविन्द्र सिंघल बालोती, सह संयोजक पवन गुप्ता किशोरपुरा, स्वागत एवं पुरस्कार वितरण संयोजक सुरेश चंद गुप्ता अग्रवाल कोचिंग, टेंट लाइट माईक संयोजक राजेश गुप्ता महोली को बनाया गया है। बैठक में अग्र जनगणना संयोजक विष्णु चंद गुप्ता कोटे ने सभी अग्र बन्धुओं से जनगणना में सहयोग प्रदान करने का निवेदन किया। अंत में अध्यक्ष दुर्लभ गोयल ने बताया कि अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी का सहभोज 14.०9.2०25 को नई अनाज मंडी में रखा गया है जिसमे ज्यादा से ज्यादा अग्र बंधु पधार कर सहयोग प्रदान करे एवं अग्रवाल एकता का परिचय देवे। इसके बाद सभी का धन्यवाद के साथ मीटिंग समाप्त की गई।

## सार-समाचार

### किसान भवन जीर्णोद्धार की मांग

**भरतपुर**, (निसं)। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने जिला कलेक्टर को पत्र भेजकर जिला मुख्यालय पर बने किसान भवन भरतपुर के जीर्णोद्धार एवं उचित उपयोग की मांग की है और भवन के उपयोग हेतु सुझाव भी दिए।गुप्ता ने बताया कि किसान भवन का निर्माण राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा 2 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 17 वर्ष पूर्व लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से किसान भवन का निर्माण करा कर किसानों के ठहरने, प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाओं के उपयोग के उद्देश्यों को साकार किया। ये भवन उपेक्षा तथा रख रखाव के अभाव में बदहाल स्थिति में है। वर्षा ऋतु में जलभराव होने से यह अनुपयोगी हो चुका है। गुप्ता ने सुझाव दिया कि यदि इस भवन का समयबद्ध मरम्मत एवं नवीनीकरण किया जाए तो यह जिले के कृषि छात्रों, शोधार्थियों वं किसानों को अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। उन्होंने भवन के संभावित उपयोगों को रेखांकित करते हुए कहा कि इसे कृषि छात्रों के लिए यूथ हॉस्टल, सरसों अनुसंधान केंद्र के प्रशिक्षुओं के लिए आवासीय सुविधा, किसानों हेतु प्रशिक्षण व कार्यशालाओं का केंद्र, तथा ग्रामीण उद्यिमता एवं कृषि मेले/सेमिनारों के आयोजन स्थल के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। गुप्ता ने जिला प्रशासन से आठाह किया कि किसान भवन का जीर्णोद्धार शीघ्र कराया जाए तथा इसके संचालन की जिम्मेदारी सरसों अनुसंधान केंद्र, सेवर को दी जाए, जिससे यह भवन पुन: किसानों की सेवा में प्रभावी रूप से उपयोग हो सके और भरतपुर जिला कृषि नवाचार एवं प्रशिक्षण का अग्रणी केंद्र बन सके।

### सर्व समाज की बैठक आज

**हलैना/भरतपुर**, (निसं)। भुसावर व वैर उपखण्ड क्षेत्र की सर्व समाज की कस्बा हलैना में 5 सितंबर को बैठक होगी, जिसकी सफलता के लिए सर्व समाज के गणमान्य एव सामाजिक लोग गांव-गांव में जा कर संपर्क कर रहे हैं। जिस बैठक में अजेय लोहागढ़ तथा भरतपुर रियासत के रियासतकालीन के राजशाही झंडे को लेकर चल रहे विवाद प्रकरण पर चर्चा होगी एव सर्व समाज की अन्य समस्याओं पर भी विचार विमर्श होगा। सर्व समाज नेता व पूर्व प्रधान भूपेंद्र सिंह ठाकुर बेहतरीन जाट समाज के अध्यक्ष कप्तान सिंह चौधरी, पूर्व सरपंच संघ वैर भुसावर के अध्यक्ष लखमी सिंह जाट ,जिला परिषद सदस्य किशन सिंह पप्पू, फूल सिंह ठेकेदार पाली, सुरेश सिंह पीटीआई,बच्चू सिंह जाट बदनपुरा, हाकिम गुर्जर, हरिराम सरपंच आदि ने हलैना, सरसैना, पाली गांव में लोगों से 5 सितंबर को सर्व समाज की बैठक में भाग लेने की अपील की। जाट समाज के अध्यक्ष कप्तान सिंह घाटरी ने बताया कि हलैना में वैर-भुसावर तहसील की सर्वसमाज की 5 को बैठक नेशनल हाईवे पर हलैना में पूर्व सरपंच लख्मीसिंह के आवास पर होगी। इसमें सर्व समाज राजशाही झंडे विवाद पर सामूहिक राय बनाते हुए आगामी रणनीति तय की जाएगी।

### हैरिटेज क्विज प्रतियोगिता 10 को

**करौली**, (निसं)। भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक चैप्टर करौली के तत्वावधान में इण्डिया हैरिटेज क्विज का आयोजन 10 सितम्बर को किया जाएगा। इस अवसर पर चैप्टर के विरासत शिक्षा एवं संचार सेवा प्रभारी राजेन्द्र दीवान ने बताया कि यह क्विज प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित होगी जिसमें प्रथम सत्र में संक्षिप्त लिखित परीक्षा होगी एवं द्वितीय सत्र में प्रथम चरण में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 4 टीम मौखिक क्विज में भाग लेंगी। प्रतियोगिता में एक विद्यालय से कक्षा सातवीं से दसवीं में अध्ययनरत अधिकतम दस विद्यार्थी पांच टीमों के रूप में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भारत, राजस्थान और करौली की संस्कृति, प्रसिद्ध व्यक्ति, व विरासत से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।इंटैक चैप्टर को कन्वीनर राव शिवराज पाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी मूर्त, अमूर्त एवं प्राकृतिक विरासत की समझ विकसित कर उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। सचिव गोविन्द सिंह सैंगर ने बताया कि प्रतियोगिता बुध बार को प्रात: 11:00 बजे से भंवर विलास मैरिज गार्डन करौली में आयोजित की जाएगी।

### प्री कैम्प का हुआ आयोजन

**करौली**, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार संपूर्ण जिले में 4 सितम्बर से 13 सितम्बर तक शहर चलो, अभियान के तहत प्री कैम्प गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिसके अन्तर्गत गुरूवार को करौली, हिण्डौन, सपोटरा, मण्डरायल व टोडाभीम नगरपरिषद कार्यालय में शहर चलो, अभियान के तहत प्री कैम्प का आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि आमजन ने भागीदारी कर विभिन्न कार्यों के लिए आवेदन किये और अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया तथा कई प्रकरणों का त्वरित निस्तारण भी किया गया। प्राप्त परिवादों में कचरा निस्तारण, नालों की साफ-सफाई, निकायों में विभिन्न प्रकार के लम्बित प्रकरणों जैसे भवन मानचित्र अनुमति, भू-रूपान्तरण, पट्टे इत्यादि का निस्तारण, सड़क मरम्मत इत्यादि हेतु प्रस्ताव स्वीकृति, मौके पर काम, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों जैसे पार्क, बस स्टैण्डों, सामुदायिक केन्द्रों में रखरखाव के कार्य, जिन निकायों की सीमाए बढ़ाई गई है उनमें राजकीय भूमि चिन्हीकरण एवं इनके सदुपयोग हेतु प्लानिंग,सामग्री एकत्र एवं वितरित करना, विभिन्न राजकीय योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति, आय एवं जाति प्रमाणपत्र को बनाना व वितरित करना इत्यादि कार्य किये जा रहे हैं।

## बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त

**भरतपुर**, (निसं)। कुम्हेर क्षेत्र के गांव बैलारा खुर्द में आकाशीय बिजली गिरने से दो मंजिला मकान क्षितठास्त हो गया। गनीमत रही कि मकान के अंदर सो रही बुजुर्ग महिला बाल-बाल बच गई। घटना के बाद ठाामीण मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग महिला को सुरक्षित बाहर निकाला।

पीड़ित रूपसिंह पुत्र भगवानसिंह ने बताया कि दूसरे मकान में मां अकेली सो रही थी और सुबह 3रू20 पर मकान पर आकाशीय बिजली गिरी जिससे पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मकान के अंदर रखा सामान भी टूट गया है लेकिन गनीमत रही की पट्टी और दीवार गिरने से मां बाल बाल बच गई। आवाज सुनकर मैं और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और मां को सुरक्षित बाहर निकाला। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है हम लोग भी मेहनत मजदूरी कर पालन पोषण कर रहे हैं जिला प्रशासन से अपील की है कि घटनास्थल का मौका मुआयना कर मुआवजा दिया जाए।

**सम्पत्ति से बेदखल की सूचना**

मैं बाबूलाल माली पुत्र लल्लू माली उम्र 67 साल निवासी नदी बरखेडा, गैस गोदाम के पीछे करौली तहसील व जिला करौली (राज.) 1. यह कि मेरे पुत्र मुनेश माली पुत्र बाबूलाल का चाल चलन गलत होने के कारण मैंने उसे दिनांक 01.09.2025 को मेरी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मुनेश का मेरी चल-अचल सम्पत्ति से कोई लेना देना नहीं है। मुनेश माली किसी से लेन देन करता है अथवा झगता करता हे तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

ह. बेदखलकर्ता पिता बाबूलाल माली

**आम सूचना**

हमारी फर्म मेसर्स जयसिंह चौहान जीतकीपुर तहसील नादौती जिला करौली जो रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स करौली में पंजीयन संख्या RF/KRL/2021/3258 पर रजिस्टर्ड है फर्म में जयसिंह चौहान रविन्द्र सिंह चौहान राजकुमार चौहान संतोष कंवर भागीदारों में से एक भागीदार श्री राजकुमार चौहान दिनांक 01.10.2022 को सेवा निवृत हो गए हैं जिसका इंद्राज पूर्व में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स के यहां नहीं कराया गया अब इसका इंद्राज रजिस्ट्रार ऑफ फर्म करौली में कराया जाना है इसमें किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवपस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स करौली को अवगत करावें।

मैसर्स:- जय सिंह चौहान पार्टनर

**कार्यालय गाम पंचायत क्यारदा खुर्द पंचायत समिति हिण्डौन सिटी**

क्रमांक: 67-68 दिनांक-2-9-2025

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाम पंचायत क्यारदा खुर्द में पंचायतीराज विभाग के परिपत्र क्रमांक F.4.(1)Guidelines/Lease/Vidhi/Para/2020/849 dated 30.09.2021 के प्रावधानान्तर्गत गैर आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा जारी करने एवं राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियम 157 (1) के तहत आवासीय पट्टा जारी करने हेतु निम्न पत्रावली प्राप्त हुई है जिनके संबंध में विधिसम्मत कार्यवाही जारी है, जिसके संदर्भ में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/संस्था कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में सम्पर्क कर पत्रावली का अवलोकन कर सकते है और कोई आपत्ति हो तो नोटिस प्रकाशन दिनांक के 30 दिवस के अवधि में मय समुचित साक्ष्य ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद नोटिस म्याद अवधि प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और संबंधित को विधिसम्मत पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | निवासी |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुनील राजपूत | श्री शिशुपाल सिंह जादौन | चन्द्र नगर क्यारदा खुर्द |
| 2. | श्री गोपाल सिंह गुर्जर | गोपाल सिंह गुर्जर | चन्द्र नगर क्यारदा खुर्द |
| 3. | श्रीमती राजेश्वरी गुर्जर | गोपाल सिंह | चन्द्र नगर क्यारदा खुर्द |
| 4. | श्री संजय सिंह गुर्जर | गोपाल सिंह | चन्द्र नगर क्यारदा खुर्द |
| 5. | श्रीमती पिंकी | संजय सिंह | चन्द्र नगर क्यारदा खुर्द |

ज्वानसिंह गुर्जर
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत क्यारदा खुर्द
पं. स. हिण्डौन सिटी (करौली)

गिलासी मीना
सरपंच
ग्राम पंचायत क्यारदा खुर्द
पं. स. हिण्डौन सिटी (करौली)